एक नजर में

## जीव का काम कर्म करना है और फल देने का काम ईश्वर का है : पंडित राजेंद्र द्विवेदी



**कुक्षी।** जीव का काम है कर्म करना और ईश्वर का काम है फल देना विद्यार्थी का कार्य पेपर देना है उसे जांचना नही वैसे ही भक्तों का काम भक्ति करना है और फल देने का काम भगवान है ।यह बात दाताहरी वाटिका मे चल रही श्री राम कथा के पांचवें दिन कथा आचार्य पंडित राजेंद्र द्विवेदी ने कही .उन्होंने कहा कीऔर पूजा का फल देने में ईश्वर की कभी-कमी नहीं हो सकती ईश्वर ने सुंदर काया दी रहने के लिए घर दिया, खाने के लिए अन्न पीने के लिए जल मन बहलाने के लिए जीवनसाथी दिया, जीवन जीने के लिए बच्चे दिए,समाज मे पद और प्रतिष्ठा दी इतनी अनुकूलताओं के बावजूद भी अगर हम ईश्वर को प्राप्त नहीं कर सकते हैं तो यह हमारा दुर्भाग्य है .ईश्वर की पूजा पाठ जाप कीजिए लेकिन कभी याचना नहीं करना चाहिए भगवान जिसका जन्म हुआ उसकी मृत्यु निश्चित है यह प्रकृति का नियम है शरीर मरता है लेकिन डरता नहीं है और जीव डरता है लेकिन मरता नहीं यह यह सत्संग की बातें यदि जीवन में उतर जाए तो जीवन धन्य हो जाये . कथा आचार्य ने कथा के माध्यम से धन और देह की महत्वता पर फोकस करते हुए कहा की पैसा जड़ है इसका संग्रह करने से बुद्धि ज?त्ता आ जाती है .पैसा साधन है और साधक को धन के साथ देह की भी रक्षा करनी चाहिए धन ईश्वर को पाने का साधन है और साधन को साध्य मत मान लेना .पहले जमाने में मंदिर कम थे तीर्थ कम थे यज्ञ कम थे कथाएं कम थी सत्संग कम थे फिर भी जीवन में शांति थी और इस जमाने में सब ज्यादा होने के बाद भी अशांति है क्योंकि धर्म के स्थान कमाने के धंधे हो गए हैं। कथा विश्राम आरती के लाभार्थी दाताहरी ग्रुप के युवा समाजसेवी संतोष गुप्ता,नारायण गुप्ता के परिवार को प्राप्त हुआ .

## प्रधानमंत्रीजी विकसित भारत के संकल्प को साकार करने मध्यप्रदेश आ रहे हैं : चंचल पाटीदार



**मनावर**— प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी के पीएम मित्र पार्क के भूमिपूजन में आगमन को लेकर भाजपा धार जिला ग्रामीण पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों की वर्चुअल बैठक में भाजपा (धार) ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार बैठक का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि पीएम मित्र पार्क धार जिले के बदनावर विधानसभा के भैंसोला में बन रहा है, इसका फायदा मालवा निमाड़ के साथ पूरे मध्यप्रदेश को मिलेगा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य लेकर कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्रीजी 17 सितंबर को अपने जन्मदिन पर मध्यप्रदेश को पीएम मित्र पार्क के रूप में ब?ी सौगात देने के साथ विकसित भारत के संकल्प को साकार करने आ रहे हैं हम सभी मालवा और निमाड़ के क्षेत्र वासियों के लिए ब? सौभाग्य की बात है कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी अपने जन्मदिन पर मध्यप्रदेश की मालवा की पावन धरा पर आ रहे है और हमारे सबके बीच प्रधानमंत्रीजी अपने जन्मदिन पर धार जिले के भैंसोला में पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन कर ब?ी सौगात देंगें प्रधानमंत्रीजी यहीं से महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर ब?ी योजना का भी शुभारंभ करने जा रहे हैंहम सभी कार्यकर्ता बंधु और क्षेत्रवासी प्रधानमंत्रीजी के इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए आवाहन किया कार्यक्रम का स्वरूप अच्छा हो और कार्यकर्ता उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में अपनी सहभागिता करें। आसपास के सभी जिले के साथ हमारे धार ग्रामीण जिले की चार विधानसभा क्षेत्र मनावर ,गंधवानी , कुक्षी , धर्मपुरी से 25 हजार से अधिक कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में पहुंचेंगे, यह सुनिश्चित करना हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है.इस वर्चुअल बैठक का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष सौरभ (काका )शर्मा ने किया आभार वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधेश्याम मुकाती ने माना उक्त जानकारी भाजपा (धार) ग्रामीण जिला मीडिया कार्यालय से दी.. !

## संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन




**बदनावर** . श्री राज राजेंद्र सूरी जैन पब्लिक हॉयर सेकेंडरी स्कूल के तत्वाधान में शालेय आयु वर्ग 17 संभाग स्तरीय बालक एवं बालिका कबड्डी चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें संभाग की खंडवा, खरगोन, इंदौर, झाबुआ, बड़वानी, धार, बुरहानपुर की 8 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता की शुरुआत अतिथिगण प्रकाश गौड, संभागीय खेल अधिकारी इंदौर, दिनेश जी दुबे, जिला खेल अधिकारी धार, आदिनाथ शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष श्री महावीर जी चोरड़िया द्वारा ग्राउंड की पूजा अर्चना के साथ की। इस अवसर पर अतिथियों ने अनुशासन के साथ सामूहिक प्रयास के साथ खेलने पर जोर दिया। फाइनल मैच में बालिका एवं बालक संवर्ग में इंदौर और धार के बीच खेला गया। जिसमें इंदौर ने विजय प्राप्त। मैच के निर्णायक की भूमिका में श्री दिलीप परमार, शुभम सिंह. पंवार, सोनू राठौड़, पीयूष जी पाटीदार, किरण गुर्जर, गोपालजी प्रजापत रितेश मारू थे। प्रतियोगिता संयोजक श्री प्रकाश चौधरी एवं नरेंद्र चौहान थे। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के खेल शिक्षक यश जायसवाल ने किया। कार्यक्रम का संचालन ओवेस काजी के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी राज्य स्तर पर इंदौर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। उपरोक्त जानकारी विद्यालय शिक्षक श्री रामबाबू श्रीवास्तव ने दी ।

नवभारत

झाबुआ में ब्यूरो व एजेंसी के लिए संपर्क करें :

संपर्क करें : 84358-90018
98261-60997
0731-4096718







# समूचे मालवा क्षेत्र में समृद्धि लाएगा पीएम मित्र पार्क : डॉ. महेंद्र सिंह

**प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने पीएम मोदी के आगमन को लेकर बैठक को संबोधित किया**

**प्रधानमंत्री जी विकसित भारत के संकल्प को साकार करने मध्यप्रदेश आ रहे हैं - हितानंद शर्मा**




**धार । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा व मंत्री मंत्री चेतन्य कश्यप ने सोमवार को धार जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के पीएम मित्रा पार्क के भूमिपूजन में आगमन को लेकर जिला पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों की बैठक को संबोधित किया।**

स्वागत भाषण में निलेश भारती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प है कि 2047 तक विकसित भारत को साकार करने के लिए 17 सितंबर को मोदी जी हमारे बीच आ रहे हैं।

भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मित्र पार्क के निर्माण से मालवा का समूचा क्षेत्र और समृद्धशाली बनेगा। पीएम मित्र पार्क धार जिले के बदनावर विधानसभा के भैंसोला में बन रहा है, लेकिन इसका फायदा मालवा के साथ पूरे मध्यप्रदेश को मिलेगा। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य लेकर कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जी 17 सितंबर को अपने जन्मदिन पर मध्यप्रदेश को पीएम मित्र पार्क के रूप में ब?ी सौगात देने के साथ ही स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत विकसित भारत के संकल्प को साकार करने पधार रहे हैं। बैठक को प्रदेश शासन के मंत्री चेतन्य काश्यप ने भी संबोधित किया।

मध्यप्रदेश की ओद्योगिक विकास दर बता रही आने वाला समय मध्यप्रदेश का

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश की औद्योगिक विकास दर्ज वर्तमान में 24 प्रतिशत है। यह औद्योगिक विकास दर बता रही है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ओर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार पर निवेशकों का कितना अधिक विश्वास है। धार जिले के भैंसोला में 2158 एक? में इंटीग्रेटेड पार्क बनेगा और 2 हजार करो? से इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हो रहा है। पीएम मित्र पार्क के लिए 20 हजार करो? से अधिक के निवेश प्रस्ताव राज्य सरकार को प्राप्त हो चुके हैं। प्रधानमंत्री जी के संकल्प का भारत 2047 में विकसित भारत बनने वाला है। प्रधानमंत्री जी ने के नेतृत्व में न सिर्फ अयोध्या में राम मंदिर बना बल्कि दुबई में भी भव्य मंदिर बना है। यह भारत की सांस्कृतिक विजय है। प्रधानमंत्री जी मातृ शक्ति के लिए स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के रूप में योजना शुरू करेंगे। प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस से सेवा पखवा?ा मनाया जाएगा, जिसमें कार्यकर्ता रक्तदान करने के साथ एक पे? मां के नाम पौधरोपण के साथ सेवा कार्य किए जाएंगे।

### प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने जुट जाएं कार्यकर्ता : हितानंद शर्मा

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने कहा कि यह हम सभी के लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी अपने जन्मदिन पर मध्यप्रदेश की धरती पर पधार रहे हैं। प्रधानमंत्री जी अपने जन्मदिन पर धार जिले के भैंसोला में पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन कर ब?ी सौगात देंगें। प्रधानमंत्री जी यहीं से महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर ब?ी योजना का भी शुभारंभ करने जा रहे हैं। जन्मदिन पर प्रधानमंत्री जी का मध्यप्रदेश आगमन हो रहा है। हम सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए जुटना है। कार्यक्रम का स्वरूप अच्छा हो और लोग उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में अपनी सहभागिता करें। आसपास के जिलों के अधिक से अधिक लोग कार्यक्रम में पधारें, यह सुनिश्चित करना हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। मंत्री चैतन्य कश्यप ने कहा की मोदी जी आज विश्व के नेता हैं और हम सभी की जिम्मेदार हे कि कार्यक्रम का स्वरूप अच्छा हो और उत्साह पूर्वक सभी लोग कार्यक्रम में पहुंचे यह भी सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। इस दौरान मंच पर संभाग प्रभारी राघवेन्द्र गौतम इन्दौर प्रदेश उपाध्यक्ष, जितू जिराती भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती और ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार जिला प्रभारी श्याम बंसल पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव रंजना बघेल व जगदीश मुवेल प्रदेश मंत्री भाजपा जयदीप पटेल,जिला पंचायत अध्यक्ष सरदारसिंह मेडा पूर्व सांसद छतरसिंह दरबार विधायक कालुसिंह ठाकुर पूर्व विधायक वेलसिंह भूरिया मुकाम सिंह किराडे मुकाम सिंह निगवाल जिला पंचायत सदस्य शिवराम कन्नौज मौजूद रहें। बैठक में पार्टी पदाधिकारी व अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन राकेश पटेल व आभार चंचल पाटीदार ने माना। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।





# धार नगर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल का भव्य स्वागत

**मोदी जी का धार जिले में आना ना केवल जिले के लिए बल्कि प्रदेश के लिए भी गौरव की बात है : हेमंत खंडेलवाल**

**धार ।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धार जिले में आना ना केवल जिले के लिए गौरव की बात है बल्कि पूरे प्रदेश के लिए यह गौरव का विषय है, की अपने 75 वे जन्मदिवस पर मोदी जी हमारे साथ मनाने वाले है। और इस अवसर पर जिले ओर प्रदेश को सौगात के रूप में पीएम मित्र टेक्सटाइल मेगा पार्क का भूमि पूजन करने वाले है।

मालवा निमाड़ और प्रदेश के विकास में यह मेगा पार्क मिल का पत्थर साबित होने वाला है। लाखों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी मिलेंगे और किसानों को भी इसका लाभ मिलेगा । नारी सशक्तिकरण के लिए भी स्वस्थ नारी सशक्त परिवार का काम भी मोदी जी नेतृत्व में भाजपा सरकार कर रही है।

मोदी जी के जन्मदिन को हम सभी भाजपा के कार्यकर्ता सेवा पखवाड़े के रूप में मनाएंगे यह सेवा पखवाड़ा मोदी जी के जन्मदिवस से गांधी जयंती तक चलने वाला है इसमें इसमें रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, सांसद - विधायक खेल प्रतियोगिताएं जैसे अनेक कार्यक्रम पार्टी के कार्यकर्ता करने वाले है।

उक्त बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने धार जिला भाजपा कार्यालय पर मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। स्वागत भाषण में भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ने कहा कि हमारे प्रदेश अध्यक्ष जी का मानना हे कि भाजपा के सभी पदाधिकारी पहले कार्यकर्ता हे पार्टी में कार्यकर्ता का दायित्व सबसे बड़ा दायित्व है भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी हे । में प्रदेश अध्यक्ष जी को आश्वासन देता हु कि पार्टी का हर कार्यकर्ता अपनी पूरी क्षमता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प 2047 तक विकसित भारत को साकार करने के लिए 17 सितंबर को मोदी जी के जन्मदिवस से गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएंगे ।

**प्रथम नगर आगमन पर भव्य स्वागत**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के प्रथम नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं में अपार उत्साह देखा गया जेतपुरा से लेकर भाजपा कार्यालय तक भाजपा नगर मंडल, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, अनुसूचित जाति और जनजाति मोर्चा , व्यापारी मोर्चा , खेल प्रकोष्ठ आदि अनेकों मंचों से श्री खंडेलवाल का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती संभाग प्रभारी राघवेंद्र गौतम भाजपा जिला अध्यक्ष निलेश भारती जिला प्रभारी श्याम बंसल विधायक कालू सिंह ठाकुर जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा सहित भाजपा नेता वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

# धार जिले की सरदारपुर जनपद में बह रही है भ्रष्टाचार की गंगा

**तहसील में, लाखों रुपए कै फर्जी बिलों का भुगतान हो रहा है**

**जिम्मेदार सोए कुंभकरण की नीद**

**धार/सरदापुर.** सरदापुर तहसील के पंचायतो की., तहसील मे कुल 95 पंचायत है, जीस तरीके से 95 पंचायत मे विकास हो रहा है, उसी तरीको से कई ग्राम पंचायतो मे भ्रष्टाचार भी हो रहा है, जीस तरीके से ग्राम पंचायत अपने-अपने क्षेत्र में जितना कार्य करती है, उससे अधिक बिलों का भुगतान हो जाता है, सरकार के पैसों का दुरूपयोग किया जा रहा है, ग्राम पंचायतो मे विकास की बात आती है, तो सरपंच - सचिव की कमीशन व् मिलीभगत से

हजारों लाखों रूपये के बिलों का भुगतान बिना जीएसटी के बिलो से हो जाता है और धरातल पर काम कम और बिलों की राशि देखने सै सा लगता है, गांव मे बहुत विकास हुआ हो ...? जीस तरीके से सामन्य व्यक्ति बिल्डिंग हो या घर के आंगन मे सीसी रो? हो निर्माण करता है वह निर्माण चीजो को सालों तक कुछ नहीं होता है और ग्राम पंचायत मे सीसी रो? हो या कोई दूसरा कार्य हो सरपंच के पांच साल पूरे होने से पहले ही कार्य किए हुए काम भ्रष्टाचार की भेट चढ़ जाते हैं, जिम्मेदार अधिकारी भी कोई ध्यान नहीं दे पाते है ,

सरपंच - सचिव की शिकायत करता भी है, तो शिकायतकर्ता के घर आने से पहले ही सरपंच- सचिवों को पता चल जाता है, की आप के पंचायत की शिकायत हुई है और उस नामक व्यक्ति के द्वारा की गई है, आप देख लेना....

या शिकायतकर्ता के सुनवाई के बिना ही पूरी जांच हो जाती है और पता भी नहीं चल पाता ही कब जांच हो गई या शिकायत अधूरी रह जाती है... और जब संबंधित अधिकारी के द्वारा जांच टीम बन भी जाती है, तो समिति कार्रवाई के लिए बनाई जाती हैं या बचाव के लिए, जहां समिति सदस्य जांच करने पहुंचते हैं,वहां कार्रवाई न करते हुए भ्रष्टाचारियों को रास्ता बताकर जांच निपटा देते हैं....

कई पंचायतों में जनपद पंचायत के कर्मचारियों के हिस्सेदारी भी शामिल होती है.... जब सरदारपुर जनपद सीईओ से खबर को लेकर व् पंचायत दर्पण पोर्टल मे पंचायतो के द्वारा जीस राशि का भुगतान किया गया है, उनका बिल ब्लेंक या ब्लर और ना तो बिल दिख रहा है और भुगतान हो गया है,

तो जनपद सीईओ का कहना है,की आपने आवेदन दिए हैं क्या या आपने लिखित में कंप्लेंट की है या इसको हम चेक कर लेंगे, मुझे तो दिखते हैं बिल, आपको कौन से नहीं दिख रहे हैं, बिल के लिए भोपाल बात करने पड़ेगी, वह पोर्टल ह्ढ्ढष्ट का रहता है,

एक नजर

**अखिल भारतीय श्रीजैन श्वेतांबर मालवा महासंघ का राष्ट्रीय अधिवेशन पूज्य आचार्य सुरीश्वरजी महाराज की पावन निश्रा में संपन्न हुआ**

# श्री जैनश्वेतांबर मालवा महासंघ का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न



**नागदा ।** धार अखिल भारतीय श्री जैनश्वेतांबर मालवा महासंघ का 2 दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन सम्पन्न मुख्य मंत्री मोहन यादव ने किया ।पहले सत्र का शुभारंभ विधान सभा अध्यक्ष केबिनेट मंत्री कश्यप सहित कई मंत्री एवं राज नेताओं ने की सहभागिता ।स

अखिल भारतीय श्री जैन श्वेतांबर मालवा महासंघ का राष्ट्रीय अधिवेशन पूज्य आचार्य भगवंत श्री विश्व रत्न सागर सुरीश्वरजी महाराजा की पावन निश्रा में सम्पन्न हुआ प्रथम सत्र का शुभारंभ प्रदेश सरकार के मुख्य मंत्री मोहन यादव चातुर्मास समिति एवं मालवा महासंघ पदाधिकारी गण द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया सत्र में संबोधित करते हुए मुख्य मंत्री ने कहा कि हम सबको भगवान महावीर के बताए मार्ग पर चलते हुए अहिंसा परमोधर्म का पालन करना चाहिए भगवान महावीर के इस उपदेश पर खरा उतरने वाला व्यक्ति ही सही मायने में जैनत्व हे आचार्य श्री ने उपदेश देते हुए बताया कि आदि अनादि काल से संत और राजा हमेशा मिलकर प्रजा की भलाई के कार्य करते आए साथ ही जन मानस भी दोनों का आदर करते हैं एवं दिए उपदेश का पालन करते हैं आज संयोग की बात हे कि इस सम्मेलन में संत और सत्ता एक मंच पर उपस्थित हे आपने मुख्य मंत्री की तारीफ करते हुए बताया कि प्रदेश के मुखिया सहज सरल स्वाभाव के साथ ही धर्म के प्रति विशेष रुचि रखने वाले राज नेता हे धर्म सभा को गणिवर्य पूज्य कीर्ति रत्न सागर जी म सा ने भी संबोधित किया

महासंघ के राष्ट्रीय पदाधिकारी राजेन्द्र बोकड़िया द्वारा बताया गया कि महासंघ का सम्मेलन प्रति वर्ष चातुर्मास के अंतर्गत आचार्य श्री के सानिध्य में सम्पन्न होता हे सम्मेलन में प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों के करीब 650 से अधिक संघों के पदाधिकारी एकत्रित होते हुए जिसमें पूरे वर्ष में महासंघ के माध्यम से किए समाज सेवा साधु साध्वी भगवंत की वैयावच्च सेवा जीवदया के कार्य आदि समाज सुधार सहित अपने अपने क्षेत्र में किए कार्यों का ब्यौरा आचार्य श्री के सानिध्य में प्रस्तुत किया जाता हे ज्ञात रहे मालवा महासंघ द्वारा हर सेवा कार्य को करने के उद्वेश्य से प्रकोष्ठ का गठन कर हर प्रकोष्टों को जवाबदारियां सोप दी जाती हे जिसका सम्मेलन के माध्यम से जानकारी ली जा कर सभी प्रकोष्ठ प्रमुख का बहुमान किया जाता हे

महासंघ महासचिव वीरेंद्र जैन द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर बताया कि वर्तमान में जो प्रकोष्ठ कार्य कर रहे वह अनुमोदनीय हे आगे भी समाज सेवा के प्रकोष्ठ का विस्तारी करण कर ओर भी प्रकोष्ठ का गठन किया जाएगा आपके द्वारा समस्त प्रकोष्ठ प्रमुख एवं महासंघ पदाधिकारी से निवेदन किया कि हम अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सामाजिक धार्मिक कार्यों के साथ ही समाज के कमजोर व्यक्तियों को आगे बढ़ाने का प्रयास करे तब जाकर महासंघ का उद्देश्य पूर्ण होगा महासंघ कार्यकारी अध्यक्ष संतोष मेहता द्वारा स्वागत उद्बोधन में बताया कि आज महासंघ जो सेवा समर्पण के कार्य कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहा उन सब के पीछे आप सब पदाधिकारियों का सहयोग एवं कड़ी मेहनत रही आप सबकी दिल से अनुमोदना करता हु जो आपने महासंघ को राष्ट्रीय स्तर का दर्जा दिलवाने में अहम भूमिका निभाई

आचार्य श्री द्वारा पुरानी कार्यकारणी को यथावत रखते हुए मेहता को पुन: अध्यक्ष घोषित करते हुए उसमें ओर पदाधिकारी जोड़ने की बात कही इस अवसर पर नागदा संघ के सुरेश मुथा पुखराज कटारिया पवन मेहता पंकज बरडिया प्रदीप नाहर अभय मेहता नारायण जी द्वारा मेहता का बहुमान किया गया इस अवसर पर महिला मंडल सहित बड़ी संख्या में नागदा संघ जनों की उपस्थिति रही